हिंदी दैनिक
# न्यूज़ वायरस
वर्ष : 11 अंक : 280 देहरादून, सोमवार, 01 मई, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



सशक्त उत्तराखण्ड बनाना हमारी प्रतिबद्धता : मुख्यमंत्री 3

# शिक्षक और बच्चों के बीच प्रोफेशनल नहीं पारिवारिक रिश्ता : मुख्यमंत्री





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

काशीपुर, 1 मई , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लिटिल स्कॉलर्स स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि शिक्षा के इस पवित्र मंदिर में आकर स्वयं को गौरवान्वित अनुभव कर रहा हूँ। उन्होंने कहा कि वर्ष 1983 में स्व.मेजर शिवनाथ भल्ला जी ने इस विद्यालय के रूप में जिस पौधे की नींव रखी थी, वह आज वटवृक्ष का रूप ले चुका है। उन्होंने कहा कि स्व. भल्ला जी के द्वारा रोपे गए पौधे को खाद-पानी देकर वटवृक्ष बनाने का कार्य उनकी पत्नी ऋतु भल्ला जी, उनके पुत्र कर्नल रोहित भल्ला जी और पंकज भल्ला जी कर रहे हैं, जोकि सराहनीय है। उन्होंने कहा कि एक सामान्य परिवार में जन्मे मेजर शिवनाथ भल्ला जी ने पहले तो एक सैनिक के रूप में देश की सेवा की है और फिर बच्चों को शिक्षा प्रदान कर उनके भविष्य को संवारने के लिए लिटिल स्कॉलर्स विद्यालय की नींव रखी।

सीएम धामी ने कहा कि कठिन परिश्रम और संघर्षों से भरा भल्ला जी का जीवन और पुरुषार्थ हम सभी के लिये प्रेरणादायी है सीएम धामी ने कहा कि यह बताया गया है कि लिटिल स्कॉलर्स मॉडल युनाइडेट नेशन (एल.एस.एम.यू.एन) में उत्तराखंड सहित दिल्ली के बच्चे शामिल हुए हैं। इसके द्वारा भारत और विश्व के स्वर्णिम भविष्य की नींव हमारे ये बच्चे देश और विदेश के विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श करेंगे। उन्होंने इसमें भाग लेने वाले सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें अग्रिम शुभकामनाएं दी। उन्होंने लिटिल स्कॉलर्स विद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि जिन्होंने अपने छात्रों को ही नहीं, अपितु क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के छात्रों को एक विशिष्ट मंच प्रदान किया, जहां वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए एक बेहतर भविष्य का निर्माण करने की क्षमता का विकास करके श्रेष्ठ नागरिक बन पाएंगे। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति के रूप में हमारे सर्वांगीण विकास और हमारे उत्कृष्ट समाज के निर्माण में शिक्षा और गुरु सबसे महत्वपूर्ण तत्व है।

उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में शिक्षा ग्रहण करने का अर्थ केवल किताबी ज्ञान अर्जित करने तक सीमित नहीं है, यह एक ऐसी यात्रा है जिसमें हम स्वयं की और अपने



अस्तित्व की खोज करते हैं, इसके साथ ही हमारी संस्कृति में गुरु या शिक्षक अपने काम को केवल एक पेशा मात्र नहीं मानते, उनके लिए पढ़ाना एक मानवीय संवेदना है, एक पवित्र नैतिक कर्तव्य है, इसीलिए हमारे यहां शिक्षक और बच्चों के बीच प्रोफेशनल रिश्ता नहीं होता, बल्कि एक पारिवारिक रिश्ता होता है और ये रिश्ता, ये संबंध जीवन भर का होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी देश के भविष्य हैं, उत्तराखण्ड व देश को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी आप सभी के कंधों पर है और मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी अपना ये कर्तव्य पूर्ण समर्पण और मनोयोग के साथ निभाएंगे।

सीएम धामी ने विद्यालय की प्रधानाचार्या तथा प्रबंधकों के इस प्रशंसनीय प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि एमयूएन तथा लिटिल स्कॉलर्स के संयुक्त प्रयास से हमारी युवा पीढ़ी को एक ऐसा मंच उपलब्ध कराया, जिसमें हमारे देश के युवा अंतरराष्ट्रीय संबंधों की समझ तथा विभिन्न समस्याओं के समाधान खोजने की क्षमता का विकास करके अपने प्रगतिशील विचारों से हमारे देश को प्रगति की राह पर ले जाने में सक्षम होंगे। कार्यक्रम के पश्चात सीएम धामी ने स्वर्गीय अजय अग्रवाल के आवास पहुँचकर उनके परिजनों को सांत्वना दी। सीएम धामी ने वन विकास निगम के अध्यक्ष कैलाश गहतोड़ी के आवास पर पहुँचकर उनका हाल-चाल जाना तथा उनके स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

कार्यक्रम में विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, दीवान सिंह बिष्ट, मेयर ऊषा चौधरी, अध्यक्ष अनुसूचित जाति आयोग मुकेश कुमार, पूर्व सांसद के.सी. सिंह बाबा, पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, बीजेपी जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, सहित गुरविंदर सिंह चंडोक, दीपक बाली, खिलेंद्र चौधरी, जिलाधिकारी युगल किशोर, एसएसपी मंजूनाथ टीसी, अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, नगर आयुक्त विवेक राय, उप जिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह, सीमा विश्वकर्मा, राकेश तिवारी आदि उपस्थित थे

## बदरीनाथ हाईवे बोल्डर और मलबा आने से बाधित

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चमोली। बदरीनाथ हाईवे मलबा और बोल्डर आने से जगह-जगह बाधित हो गया। इस कारण जाम में फंसे श्रद्धालुओं को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। हाईवे पर बोल्डर, मलवा आने से सडक़ों पर फंसे लोगों को पुलिस ने बिसकिट और पानी की बोतलें बांटकर सहायता की। बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर बाजपुर बज्याड़ चमोली चाड़ा में मलबा आने से हाइवे चार घंटे से अधिक बाधित रहा।

यात्रियों के वाहनों को नन्दप्रयाग सैकेट सडक़ की ओर डायवर्ट किया गया। पर यहां सडक़ संकरी होने से यात्रियों को परेशानी हुई और वाहन बीच में ही फंसे रहे। जबकि बदरीनाथ हाईवे पर ही पिनौला और टैय्यापुल के समीप भूस्खलन प्रभावित पहाड़ी का एक बड़ा हिस्सा भरभराकर हाईवे पर गिर गया। जिस कारण यात्रा मार्ग बाधित हो गया। आपदा एवं ट्रैफिक जाम के समय फंसे लोगों की पुलिस ने मदद की। यात्रा मार्ग बाधित होने के कारण वाहनों को सुरक्षा एवं सुगम यातायात की दृष्टि से एक लाइन लगाकर रोक दिया गया। अवरुद्ध स्थानों के आस पास दुकानें नहीं थी। उन स्थानों में जाम में फंसे हुये श्रद्धालुओं और यात्रियों को थानाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह द्वारा पानी की बोतलें एवं बिसकिट बांटे गए।

## सीएम धामी से मिलने पहुंचे नन्हे मुन्ने बच्चे

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नैनीताल , 1 मई , सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शनिवार को मुक्तेश्वर पहुंचे, जहां वह कुमाऊँ मंडल विकास निगम मुक्तेश्वर में पहुंचे थे कि केंद्रीय विद्यालय मुक्तेश्वर के तीन नन्हे मुन्ने बच्चे मुख्यमंत्री से आकर मिले। अपने बीच मुख्यमंत्री को देख बच्चे काफी उत्साहित थे, केंद्रीय विद्यालय में कक्षा छठी की छात्रा करुणा और कक्षा तीसरी की छात्रा रुचि और कक्षा एक के छात्र शैलेश पांडे ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की । इस दौरान सीएम धामी भी बच्चों को देख काफी प्रफुल्लित हुए उन्होंने नन्हे-मुन्ने बच्चों से बातचीत की और उनका हालचाल जाना और उनकी पढ़ाई के बारे में भी पूछा। इस दौरान बच्चे सीएम से मिलकर काफी खुश नजर आए उन्होंने सीएम धामी का ऑटोग्राफ भी लिया।



# बच्चे को जोर से हवा में मत उछालना, जा सकती है जान

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**




ब्यूरो रिपोर्ट , 1 मई , अगर आप भी बच्चे को हवा से जोर-जोर से हवा में उछालते हैं. तो ये आपके बच्चे को लिए खतरनाक हो सकता है.आपके बच्चे की मृत्यु भी हो सकती है..... छोटे बच्चे हमारे घर की रौनक होते हैं. बच्चों का हंसना खिलखिलाना मां-बाप या रिश्तेदारों को खूब पसंद आता है. कई बार मां-बाप प्यार में बच्चों को एंटरटेन करने के लिए हवा में जोर-जोर से उछलते हैं. ऐसा आपने अपने घर में भी देखा होगा. जब आप ऐसा करते हैं तो बच्चे खूब खिलखिलाते हैं. लेकिन क्या आप जानते हैं कि ऐसा करना आपके बच्चे के लिए खतरनाक हो सकता है. इससे बच्चे की जान भी जा सकती है इसका असर ब्रेन पर सबसे ज्यादा पड़ता है और आपका बच्चा शेकेन बेबी सिंड्रोम का शिकार हो जाता है. बच्चे के दिमाग की सेल्स को नुकसान पहुंचता है

**हवा में बच्चे को उछालने के नुकसान**

डॉक्टर की माने तो जब आप बच्चे को हवा में उछालते हैं तो इस दौरान उनका सिर पीछे की ओर चला जाता है. कई मामले में उनका ब्रिन भी मूव हो सकता है. ब्रेन में इन्फ्लेमेशन होने का भी खतरा रहता है. ब्रेन की ग्रोथ भी रुक सकती है. इसके साथ ही न्यूरोलॉजिकल डिजीज होने का भी खतरा बना रहता है. और सबसे ज्यादा चिंता की बात तो यह है कि इन डिजीज का आसानी से पता नहीं चलता

**क्या कहते हैं डॉक्टर**

बच्चे वैसे भी नाजुक होते हैं. उनके शरीर का हर हिस्सा कमजोर होता है, क्यों कि ये डेवलपिंग स्टेड में होता है. 2 साल से कम उम्र के बच्चों की गर्दन की हड्डी बहुत ही कमजोर है और लचीली होती है. इसके साथ ही बच्चे अपने शरीर पर नियंत्रण भी बनना नहीं जानते हैं. ऐसे में जब आप बच्चे को हवा में उछालते हैं तो उन्हें अंदरूनी चोट लगने का खतरा बना रहता है. इस दौरान बच्चे का ब्रेन डैमेज हो सकता है और उसकी मृत्यु भी हो सकती है. डॉक्टर से भी कहते हैं कि छोटे बच्चे का सर उनके शरीर से कहीं ज्यादा बड़ा होता है. इसलिए जब आप उन्हें हवा में उछालते हैं तो प्रेशर उनके मस्तिष्क पर पड़ता ह कई बार अंदर से चोट लग जाती है जो दिखाई नहीं देती. लेकिन अंदर अंदर ही बच्चों के लिए खतरनाक साबित हो सकती है

**शेकेन बेबी सिंड्रोम के लक्षण**

जरूरत से ज्यादा चिड़चिड़ा होनासांस लेने में समस्याउल्टियां आनास्किन का रंग पीला या नीला होनाबेहोश होनाकोमा और लकवा मरनाहड्डियों और पसलियों में फ्रैक्चरआंखों के अंदर ब्लीडिंग

**कैसे करें बचाव**

सबसे पहले तो बच्चे को हवा में उछालने से बचना चाहिए,और अगर शेकेन बेबी सिंड्रोम के लक्षण दिखाई भी दें तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करके इलाज कराना चाहिए.

# अब व्हाट्सअप से दूसरे डिवाइस पर डायरेक्ट कर पाएंगे चैट ट्रांसफर

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 1 मई : WhatsApp का इस्तेमाल करने वाले यूजर्स के लिए अच्छी खबर है। एक नई रिपोर्ट के अनुसार वॉट्सऐप नया चैट ट्रांसफर फीचर शुरू करने वाला है। इस नए फीचर की मदद से यूजर्स अपना चैट एक अकाउंट से दूसरे डिवाइस में ट्रांसफर कर पाएंगे। नया फीचर चैट और अटैचमेंट को दो फोन के बीच ट्रांसफर करता है। ये फीचर फिलहाल में एंड्रॉइड फोन तक ही सीमित है। कंपनी ने इस बात की जानकारी दी है कि इसे बहुत जल्द iOS यूजर्स के लिए उपलब्ध कराया जायेगा। आइए इस खास फीचर के बारे में डिटेल से जानते हैं।

वॉट्सऐप फीचर ट्रैकर WABetaInfo की एक रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी एंड्रॉइड स्मार्टफोन के लिए वॉट्सऐप के नए बीटा वर्जन पर एक चैट ट्रांसफर फीचर शुरू कर रही है। नया फीचर क्लाउड पर बैकअप किए बिना सीधे चैट को एक डिवाइस से दूसरे डिवाइस में ट्रांसफर करने में सक्षम बनाती है। पहले यूजर्स को किसी और डिवाइस पर ट्रांसफर करने से पहले डेटा का गूगल ड्राइव पर बैकअप करना पड़ता था। यूजर्स पुराने चैट को अब री-स्टोर करने के लिए वॉट्सऐप सेट ऑप्शन को चुन सकते हैं।

यह फीचर उन यूजर्स के लिए उपयोगी साबित हो सकती है जिनके पास बड़े चैट बैकअप हैं और वे उन्हें बैकअप नहीं देना चाहते हैं। नया फीचर चैट को पुराने स्मार्टफोन से नए स्मार्टफोन में ले जाने की प्रक्रिया को फास्ट बना सकता है। इस नए अपडेट के साथ एक एक्स्ट्रा विकल्प है जो चैट सेक्शन के तहत देखा जा सकता है। इसे एक्सेस करने के लिए यूजर्स को WhatsApp Settings > Chats > Chat Transfer में जाना होगा। ऐप तब एक क्यूआर कोड डिस्प्ले करेगा, जिसे यूजर्स को उस डिवाइस का इस्तेमाल करके स्कैन करने की जरूरत होगी जिसमें वे चैट को ट्रांसफर करना चाहते हैं।



# गुड न्यूज़ : अब नहीं आएंगे फोन में फर्जी कॉल और SMS , ये है नए नियम

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 1 मई , भारत के टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (TRAI) ने नियमों में बदलाव करने का फैसला किया है. नए नियमों के तहत, TRAI एक फिल्टर सेटअप कर रहा है, जो 1 मई 2023 से फोन में फर्जी कॉल और SMS को रोकेगा. इसके बाद, यूजर्स को अनजान कॉल और मैसेज से छुटकारा मिलेगा. आइए जानते हैं इसके बारे में डिटेल में...टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (TRAI) ने इस मुद्दे पर टेलीकॉम कंपनियों को आदेश जारी किया है कि वे अपने फोन कॉल और मैसेज सेवाओं में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्पैम फिल्टर लगाएं. यह फिल्टर यूजर्स को फर्जी कॉल और मैसेज से बचाने में मदद करेगा. इस नए नियम के अनुसार, फोन कॉल और मैसेज से संबंधित सभी टेलीकॉम कंपनियों को 1 मई 2023 से पहले फिल्टर लगाना होगा.इस विषय में, एयरटेल ने पहले से ही इस तरह के AI फिल्टर की सुविधा प्रदान करने का ऐलान किया है. जबकि जियो ने भी इस नए नियम के अनुसार अपनी सेवाओं में AI फिल्टर लगाने की तैयारी करने का एलान किया है. वर्तमान में, इस बारे में अधिक जानकारी नहीं है, लेकिन अनुमान लगाया जा रहा है कि भारत में AI फिल्टर का आवेदन 1 मई 2023 से शुरू हो जाएगा. ट्राई द्वारा फर्जी कॉल और मैसेज को रोकने के लिए नियम बनाने की योजना बनाई जा रही है. इसके अंतर्गत, ट्राई ने 10 अंकों वाले मोबाइल नंबर पर किए जाने वाले प्रमोशनल कॉल को रोकने की मांग की है. इसके अलावा, ट्राई कॉलर आईडी फीचर भी लाया है, जो कॉल करने वाले की फोटो और नाम डिस्प्ले करेगा. टेलीकॉम कंपनियों एयरटेल और जियो की TrueCaller ऐप से भी बातचीत चल रही है, लेकिन वे कॉलर आईडी फीचर लागू करने से बच रही हैं क्योंकि इससे प्राइवेसी की समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं.






# सशक्त उत्तराखण्ड बनाना हमारी प्रतिबद्धता : मुख्यमंत्री

## प्रदेश में समावेशी विकास एवं सुदृढ़ अर्थव्यवस्था के लिये बनाया जा रहा है अनुकूल माहौल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



- प्रदेश के समग्र विकास के लिये आगामी 10 सालों का रोड मैप किया जा रहा है तैयार
- समान नागरिक संहिता का ड्राफ्ट जून तक हो जायेगा तैयार
- प्रदेश में सरकारी भूमि पर होने वाला अतिक्रमण रोका जायेगा सख्ती से
- चारधाम यात्रा के लिये देवभूमि के द्वारा सभी के लिये है खुले

देहरादून , 1 मई , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक कार्यक्रम में राज्य से संबंधित विभिन्न विषयों पर बेबाकी से अपने विचार रखे।मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके कार्यव्यवहार में सौम्यता जरूर है लेकिन राज्य के व्यापक हित में कठोर निर्णय लेने में भी वे पीछे नही हटते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की देवतुल्य जनता ने राज्य में एक ही दल की सरकार को दुबारा न चुनने के मिथक को तोडा है। प्रदेश हित में हमने जो भी वायदे किये हैं उन्हे पूरा करने तथा 2025 तक उत्तराखण्ड को देश के अग्रणी राज्यों में सम्मिलित करने के लिये वे प्राण प्रण से जुटे हैं। प्रदेश के समग्र विकास में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ केन्द्र सरकार का पूरा सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सशक्त उत्तराखण्ड बनाने की हमारी प्रतिबद्धता है। इसके लिये प्रदेश में समावेशी विकास एवं सुदृढ़ अर्थव्यवस्था के लिये अनुकूल माहौल तैयार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने प्रदेश के चहुमुखी विकास के लिये आगामी 10 सालों का रोड मैप तैयार करने के निर्देश सभी विभागों को दिये गये है। कृषि, बागवानी आदि के साथ प्राथमिक सैक्टरों को भी इसमें सम्मिलित किया जा रहा है। यही नही तमाम अनछुए क्षेत्रों को बढावा देने का भी कार्य हो रहा है। एक लाख पोली हाउसों के निर्माण से 05 लाख लोगों को रोजगार देने की योजना पर भी कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरियों से बेरोजगारी दूर नही की जा सकती इसके लिये स्वरोजगार की योजनाओं को बढावा दिया जा रहा है। हमारे युवा नौकरी मांगने वाले नहीं नौकरी देने वाले बने, इस दिशा में प्रभावी पहल की जा रही है। उन्होंने कहा कि जोशीमठ भू-धसाव से हुए प्रभावितों के साथ राज्य सरकार पूरी तरह सहयोगी के रूप में खडी है। इस कठिन दौर में राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा पूरी मदद दी जा रही है। जोशीमठ को बचाना हमारी प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधामों में हो रही वर्षा एवं बर्फबारी के बावजूद यात्रा अपने चरम पर है, लोगों की सुरक्षित एवं सुगम यात्रा के लिये कारगर व्यवस्था की जा रही है। जोशीमठ का कुछ क्षेत्र ही भू-धसाव से प्रभावित है। जोशीमठ में यात्रियों के लिये आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हो इस पर भी ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा के लिये देवभूमि के द्वार सभी के लिये खुले है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड धर्म, संस्कृति एवं आध्यात्म के साथ गंगा एवं यमुना का प्रदेश है। राज्य की सीमायें दो देशों से जुडी है। सैन्य बाहुल्य इस देवभूमि में रहने वाले सभी जाति, पंथ, संप्रदाय के लोगों के लिये बिना किसी तुष्टिकरण के सबका साथ, सबका विकास एवं सबका विश्वास की भावना के अनुरूप समान नागरिक संहिता बनाये जाने पर तेजी से कार्य हो रहा है। जून तक इसका ड्राफ्ट तैयार हो जायेगा। उत्तराखण्ड देश में इस कानून को लागू करने वाला पहला प्रदेश होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि देश के अन्य राज्य भी इस दिशा में आगे आयेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण नही होने दिया जायेगा, साथ ही ऐसे अतिक्रमणों को स्वयं हटाने के लिये सभी संबंधित से अपेक्षा भी की गयी है। तय समय सीमा में अतिक्रमण न हटाये जाने पर उन्हें हटाये जाने की कार्यवाही के भी सख्त निर्देश अधिकारियों को दिये गये हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का उत्तराखण्ड के प्रति विशेष लगाव राज्य के विकास से जुडी योजनाओं में साफ झलकता है। शीघ्र ही ऋषिकेश, कर्णप्रयाग रेललाइन का सपना साकार होने वाला है। टनकपुर, बागेश्वर के साथ गंगोत्री रेल लाइन के सर्वे का कार्य हो रहा है।

देहरादून रेल लाइन का दोहरी करण, किच्छा, खटीमा रेल लाइन निर्माण के साथ राज्य को नई ट्रेनों की सौगात मिली है। प्रधानमंत्री के मन की बात की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने समर्पण के साथ कार्य करने वाले संघर्षशील लोगों को पहचान दिलायी है। प्रधानमंत्री द्वारा इस माध्यम से लोगों को प्रोत्साहित करने का भी सराहनीय प्रयास किया गया है। इस अवसर पर महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी भी मौजूद थे।

# पर्यटन पुलिस चमोली पेश कर रही अतिथि देवो भवः की मिसाल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चमोली , 1 मई , उत्तराखण्ड पुलिस का स्लोगन मित्रता सेवा सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए चारधाम यात्रा में आने वाले सभी तीर्थ यात्रियों से चमोली पुलिस मित्रता का व्यवहार कर सुरक्षा और सेवा दोनों मुहैया करा रही है। चारधाम यात्रा के दौरान तीर्थ यात्रियों की मदद के लिए पर्यटन पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। पर्यटकों, तीर्थ यात्रियों के साथ ख़ासकर बुजुर्ग तीर्थ यात्रियों की सहायता, यात्रा रूट, पर्यटन स्थलों की जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ चमोली के पर्यटन पुलिस के कर्मी 'अतिथि देवो भवः' की धारण को साकार कर रही है। अपने कार्यों से पर्यटकों का दिल जीत रही है।फिर चाहे वह पर्यटकों को जनपद के यात्रा रुटों एवं पर्यटन स्थलो की जानकारी प्राप्त करना हो। बुजुर्ग तीर्थ यात्रियों की सहायता करना हो, या दिव्यांग तीर्थ यात्रियों को मन्दिर में दर्शन कराना हो, यह सभी जिम्मेदारी पर्यटन पुलिस बखूबी निभा रही है।






## संक्षिप्त खबरें

### स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पीएचसी त्यूणी में अल्ट्रासाउंड मशीन का ट्रॉयल लिया

विकासनगर। जिलाधिकारी देहरादून के निर्देश पर पीएचसी त्यूणी में अल्ट्रासाउंड मशीन भेज दी गयी है। मशीन के ट्रायल के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम पीएचसी त्यूणी पहुंची। ट्रॉयल के दौरान आठ लोगों का अल्ट्रासाउंड किया गया है। पीएचसी त्यूणी के प्रभारी का कहना है कि अल्ट्रासाउंड मशीन को स्ट्रॉल करने व अन्य कई औपचारिकताएं पूरी की जानी है। जिसमें करीब दो सप्ताह का समय लगेगा। जिसके बाद लोगों को अल्ट्रासाउंड के लिए देहरादून या विकासनगर के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। त्यूणी चकराता क्षेत्र में जिलाधिकारी देहरादून सोनिका के निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों ने बताया था कि त्यूणी से देहरादून की दूरी करीब एक सौ अस्सी किमी है। अल्ट्रासाउंड मशीन न होने के कारण लोगों को देहरादून के चक्कर काटने पड़ते हैं। जिसका संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी सोनिका ने सीएमओ को पीएचसी त्यूणी में अल्ट्रासाउंड मशनी तत्काल भेजने के निर्देश दिए थे। बीते सप्ताह अल्ट्रासाउंड मशीन त्यूणी पीएचसी में पहुंच गयी। जिसके निरीक्षण के लिए पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दिनेश चौहान, सोनोलाजिस्ट डॉ. केएस चैहान, सीएचसी प्रभारी चकराता डॉ. विक्रम चौहान पीएचसी त्यूणी पहुंचे। त्यूणी अस्पताल में आठ लोगों का परीक्षण किया गया। लेकिन जांच के दौरान पाया गया कि मशीन को स्थापित करने के लिए कुछ तकनीकि व अन्य औपचारिकताएं पूरी की जानी हैं। पीएचसी प्रभारी डॉ.नरेंद्र राणा ने बताया कि मशीन को स्टॉल करने के लिए इंजीनियर को बुलाया जायेगा। इसके अलावा मशीन का लाइसेंस आदि की औपचारिकतायें पूरी की जानी हैं, जिसके लिए करीब पंद्रह दिन का समय लगेगा। जिसके बाद लोगों को पीएचसी में अल्ट्रासाउंड की सुविधा मिल सकेगी। स्थानी लोगों ने जिलाधिकारी देहरादून का त्वरित कार्रवाई के लिए आभार व्यक्त किया है।

### शिलगुर महाराज की पालकी बाणाधार से भूठ के लिए रवाना

विकासनगर। खत बाणाधार में डेढ़ साल के प्रवास के बाद शिरगुल महाराज की पालकी रविवार को अगले पड़ाव खत फनार के भूठ गांव के लिए रवाना हुई। शुभ मुहूर्त में गाजे बाजे के साथ सुबह 11 बजे महाराज की पालकी मंदिर के गर्भगृह से बाहर निकली। जिसके बाद पालकी शक्तिपीठ काली माता मंदिर में देव मिलन को गई। शिलगांव खत के छजाड़ गांव से डेढ़ साल पूर्व शिरगुल महाराज बाणाधार के बाणा गांव में प्रवास पर आए थे। अब महाराज का अगला पड़ाव खत फनार का भूठ गांव निर्धारित किया गया, जहां एक साल का प्रवास होगा। महाराज की पालकी लेने के लिए हथवाड़ शनिवार रात ही बाणाधार पहुंच गए थे। रविवार सुबह निमगा, केराड़ होते हुए रात्रि पूजन (बागड़ी) के लिए देर शाम पटियूड़ पहुंची।

### फैक्ट्री में काम करने वाले गंभीर ने जीते एक करोड़ रुपए

विकासनगर। ऑनलाइन गेम ड्रीम इलेवन कई युवाओं के सपनों का साकार करने में सहायक हो रहा है। खासकर गरीब वर्ग के युवाओं के लिए कुबेर का खजाना साबित हो रहा है। शनिवार को सेलाकुई की एक औद्योगिक इकाई में काम करने वाले श्रमिक ने ड्रीम इलेवन में अपनी टीम बनाकर एक करोड़ रुपए जीते हैं। मूल रूप से चमोली जिले के दशोली प्रखंड की ग्राम पंचायत रांगतोली निवासी गंभीर सिंह खत्री सेलाकुई की एक औद्योगिक इकाई में बतौर श्रमिक नौकरी करते हैं। उन्होंने बताया कि आईपीएल शुरु होने से वो लगातार ड्रीम इलेवन के तहत अपनी टीम बना रहे हैं।

# नर्सिंग अधिकारी के 1564 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू

## चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग को शीघ्र मिलेगा नर्सिंग स्टॉफ

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून, 1 मई आखिरकार लम्बे इंतजार के बाद सूबे के चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग को बड़ी संख्या में नर्सिंग अधिकारी मिलने जा रहे हैं। प्रदेश के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत की एक और पहल रंग लाई है। डा. रावत के अथक प्रयासों के उपरांत स्वास्थ्य विभाग में वर्षवार मैरिट के आधार पर 1564 नर्सिंग अधिकारियों की नियुक्ति की जायेगी। उत्तराखंड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड ने महिला एवं पुरूष संवर्ग के नर्सिंग अधिकारियों की भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है, शीघ्र ही अभ्यर्थियों के अभिलेखों का सत्यापन किया जायेगा। अभिलेख सत्यापन के उपरांत चयनित अभ्यर्थियों को विभाग में तैनाती दी जायेगी।

सूबे के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के प्रयासों के बाद प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग को जल्द 1564 नर्सिंग अधिकारी मिलेंगे। विभाग की कमान सम्भालते ही डा. रावत ने ताबड़तोड़ कई फैसले लिये थे, जिसमें लम्बे समय से रिक्त चल रहे नर्सिंग स्टॉफ के पदों को भरना भी शामिल था लेकिन नर्सिंग अधिकारियों की नियमावली के अनुसार यह भर्ती प्रक्रिया लिखित परीक्षा के आधार पर की जानी थी, जिसमें बेरोजगार नर्सिंग डिग्री एवं डिप्लोमाधारी संगठन ने धांधली की आशंका जताते हुये वर्षवार मेरिट के आधार पर भर्ती की मांग की थी। जिस पर विभागीय मंत्री डा. रावत ने चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को नर्सिंग अधिकारी की भर्ती नियमावली में संशोधन कर वर्षवार मैरिट के आधार पर भर्ती का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये थे। विभाग द्वारा भर्ती नियमावली का संशोधित प्रस्ताव राज्य कैबिनेट की बैठक में लाया गया। कैबिनेट की स्वीकृति के उपरांत विभाग ने कुल 1564 पदों पर वर्षवार मेरिट के आधार भर्ती का अधियाचन उत्तराखंड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड को सौंपा। चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड द्वारा माह जनवरी 2023 में 1564 पदों के सापेक्ष भर्ती हेतु अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र मांगे गये। जिस पर लगभग 10 हजार अभ्यर्थियों आवेदन किया। चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड के परीक्षा नियंत्रक प्रो. विजय जुयाल ने बताया कि नर्सिंग अधिकारी के कुल 1564 पदों में से महिला संवर्ग डिप्लो-माधारक के 847 पद, महिला संवर्ग डिग्रीधारक के 405 पद, पुरूष संवर्ग डिप्लोमाधार के 212 पद तथा पुरूष संवर्ग डिग्रीधारक के 100 पद हैं। जिन पर वर्षवार मैरिट के आधार पर भर्ती हेतु प्रत्येक पद के सापेक्ष दो अभ्यर्थियों को अभिलेख सत्यापन के लिये बुलाया जायेगा।

इसके बाद चयनित अभ्यर्थियों की अंतिम सूची जारी कर दी जायेगी। उन्होंने बताया कि चयन प्रक्रिया सम्पन्न होने के उपरांत चयनित अभ्यर्थियों की अंतिम सूची महानि-देशक चिकित्सा स्वास्थ्य को सौंप दी जायेगी जहां से चयनित अभ्यर्थियों को रिक्त पदों के सापेक्ष तैनाती नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा दी जायेगी। मंत्री धन दा कहते हैं कि नर्सिंग अधिकारियों के 1564 रिक्त पदों पर नई तैनाती के उपरांत स्वास्थ्य विभाग में काफी हद तक नर्सिंग स्टॉफ की कमी दूर हो जायेगी, जिससे प्रदेशभर के राजकीय चिकित्सालयों में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी

# उत्तराखंड में सारे रिकॉर्ड तोड़ेगी गर्मी, ये है मौसम अपडेट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



उत्तराखंड 1 मई : लास्ट अप्रैल में हुई बारिश ने लोगों को गर्मी का अहसास नहीं होने दिया, लेकिन अब तापमान एक बार फिर बढ़ने लगा है। मैदानी जिलों में गर्मी बढ़ने लगी है। इस बीच मौसम विभाग ने एक और चिंता बढ़ाने वाली खबर दी है। मौसम विभाग के मुताबिक उत्तराखंड के मैदानी जिलों में अगले दिनों में पारा परेशान कर सकता है। मैदानी जिलों में तापमान में चार डिग्री तक बढ़ोतरी हो सकती है। मौसम शुष्क रहने की संभावना है। पर्वतीय जिलों में भी गर्मी से राहत नहीं मिलेगी। यहां भी तापमान दो से तीन डिग्री बढ़ सकता है। वहीं, इस बार देहरादून में तापमान 32.8 डिग्री सेल्सियस रहा। जबकि, पंतनगर में तापमान सबसे अधिक 34.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

राजधानी देहरादून में धूप खिली है, यहां तापमान 34 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। विकास नगर, पिथौरागढ़, बाजपुर, रामनगर और बागेश्वर में भी मौसम साफ है। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले दिनों में लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ेगा। देहरादून और पंतनगर में तापमान 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। विभाग ने अगले दिनों में तापमान में चार डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी की संभावना जताई है। गर्मी के मौसम में बासी खाना खाने से परहेज करें। शरीर में पानी की कमी न होने दें। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न बरतें।

# शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया

पौड़ी। हेमंती नंदन केंद्रीय विवि बीजीआर कैंपस पौड़ी के विधि विभाग में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान विधि के विद्यार्थियों ने सभी शिक्षकों सम्मान किया गया। कार्यक्रम में परिसर निदेशक प्रो. प्रभाकर बडोनी ने कहा कि लॉ के विद्यार्थियों का समाज में बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान होता है और उनसे इस बात के अपेक्षा की जाएगी कि न्याय के लिए समाज में परस्पर अपनी भूमिका को निभाएंगे। विधि विभाग के अध्यक्ष सुभाष चंद्र गुप्ता ने कहा की विधि के विद्यार्थियों को अपनी बात कहने में रखने में जरूर कठिनाइयां होगी। समाज का विरोध भी झेलना पड़ सकता है लेकिन उसके दूरगामी परिणाम अगर समाज हित में होंगे तो निश्चित रूप से आने वाली पीढ़ी उन्हें जरूर याद करेगी। प्रो. रामप्रकाश ने कहा कि सादगी सभ्यता संस्कृति और परिपाटी से कार्य करने से निश्चित रूप से लॉ के विद्यार्थियों का योगदान समाज को प्रेरणा भी देगा और उसका मार्ग भी प्रशस्त करेगा ऐसे गुण लॉ के विद्यार्थियों के अंदर कूट-कूट कर भरे होने चाहिए। कार्यक्रम में असिस्टेंट प्रो. मुकेश रावत, स्कॉलर सोना डांगरा, लोकेश कुकरेती, मीनाक्षी कुकरेती, सोनू, मोहन सिंह, अनिकेत, दिव्य अंबरी आदि को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के संचालक सुरेंद्र सिंह राणा ने कहा कि शिक्षकों के हाथों में राष्ट्र का प्रलय और निर्माण बसा होता है और इसीलिए उनका महत्व समझा नहीं बल्कि अनुभव किया जा सकता है और वह अनुभव अनंत की पराकाष्ठा को जाता है। इस मौके पर नवीन चमोली, रोशन झा आदि शामिल थे।

## व्यापारी ने दुकान में लाखों का सामान व नगदी चोरी की तहरीर पुलिस को दी

विकासनगर। सहसपुर थाना क्षेत्र के सहसपुर निवासी एक व्यापारी ने अपनी दुकान से लाखों रुपये का सामान व नगदी चोरी होने के मामले में पुलिस को तहरीर दी है। वहीं, पुलिस का कहना है कि मामला चोरी का नहीं बल्कि दुकान खाली करने को लेकर व्यापारी और दुकान मालिक में उपजा विवाद है। दोनों पक्षों को थाने बुलाया गया है। मो. कामिल पुत्र मो. यामीन निवासी सहसपुर ने पुलिस को तहरीर दी कि सहसपुर मेन बाजार में उसकी फुटवीयर व इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान है। बताया कि 29 अप्रैल की रात को चोरों ने उसकी दुकान के ताले तोडक़र करीब चार पांच लाख रुपये का सामान व बीस हजार रुपये की नगदी चुराकर ले गये। बताया कि जब रविवार सुबह सात बजे दुकान पर आया तो दुकान के ताले टूटे मिलने के साथ सामान गायब मिला। कामिल ने पुलिस से इस मामले में चोरों की तलाश कर उसका सामान दिलाने की मांग की। वहीं थानाध्यक्ष सहसपुर गिरीश नेगी ने बताया कि कामिल ने सहसपुर निवासी एक व्यक्ति से बाजार में दुकान किराये पर ली है।

# ईसीएचएस कैशलैस कैंसर उपचार अब इन्दिरेश अस्पताल में भी शुरू

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

**श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल और ईसीएचएस के बीच हुआ अनुबंध**

देहरादून, 1 मई, श्री महंत इंदिरेश अस्पताल में ईसीएचएस लाभार्थियों के लिए कैशलैस कैंसर उपचार की सुविधा शुरू हो गई है। श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल में पहले से ही आयुष्मान और एसजीएचएस (गोल्डन कार्ड धारकों) कार्डधारकों को कैशलैस कैंसर उपचार की सुविधा मिल रही है। पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस) के लाभार्थियों को कैशलेस कैंसर उपचार मिलने से कैंसर रोगियों को बड़ी राहत मिलेगी। श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल के चेयरमैन श्रीमहंत देवेन्द्र दास जी महाराज ने कैंसर सर्जरी टीम का आह्वान किया कि वे पूरे समपर्ण भाव के साथ कैंसर रोगियों के उपचार व उनकी पीड़ा को कम करने में अपना सर्वोच्च सहयोग दें। यह जानकारी श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल के कैंसर रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ पंकज कुमार गर्ग ने दी। डॉ पंकज कुमार गर्ग ने जानकारी दी कि उत्तराखण्ड में भी कैंसर के मामले तेजी से पैर पसार रहे हैं।

सेना के साथ इस गठजोड़ ईसीएचएस लाभार्थियों को कैशलैस कैंसर उपचार के लाभ को और बढ़ाएगा। चूंकि कैंसर का इलाज दीर्घकालीन व महंगा हो सकता है, और सभी रोगी इसे वहन नहीं कर सकते, यह कैशलैस उपचार सुविधा ईसीए-चएस कैंसर रोगियों और उनके परिवारों पर बोझ को कम करेगी और उन्हें उपचार और पुनर्प्राप्ति प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित करने में सक्षम बनाएगी। श्री महंत इंदिरेश अस्पताल में अत्याधुनिक सुविधाएं और अनुभवी कैंसर विशेषज्ञ हैं, जो इसे कैंसर रोगियों की पहली पसंद बनाते हैं। ईसीएचएस लाभार्थियों को कैशलैस कैंसर उपचार प्रदान करने के लिए सेना के साथ इस गठजोड़ से अग्रणी कैंसर अस्पताल के रूप में अस्पताल की प्रतिष्ठा में और वृद्धि होने की उम्मीद है।



# मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रात्रि प्रवास पर मुक्तेश्वर में

## मुक्तेश्वर ने किया 13 डिस्ट्रिक्ट-13 डेस्टिनेशन की संकल्पना को किया साकार








**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा मुक्तेश्वर पहुंचकर 13 डिस्ट्रिक्ट-13 डेस्टिनेशन के अन्तर्गत शामिल मुक्तेश्वर का निरीक्षण किया गया। मुख्यमंत्री ने केए-मवीएन मुक्तेश्वर पहुँचकर हिमदर्शन व्यू पॉइंट से लगभग 300 किलोमीटर में फैली हिमालयी पर्वत शिखर नन्दा देवी, त्रिशूल, नन्दकोट, नन्दा खाट, हाथीपर्वत, अन्नपूर्णा व पंचाचूली पर्वत को निहारा। कहा कि हिमालय पर्वत श्रृंखला विराट, विशाल, खूबसूरत और आध्यात्मिक है। हिमालय की ऊंचाई मन मे सकारात्मक का भाव लाता है।

मुक्तेश्वर को 13 डिस्ट्रिक्ट-13 डेस्टिनेशन के रूप में बेहतरीन तरीक़े से विकसित किया गया है जिससे यह देशियों के साथ ही विदेशियों की पहली पसंद बन रहा है। मुक्तेश्वर में महादेव मंदिर में सौंदर्यी-करण कार्य, चौली की जाली, मुक्तेश्वर गार्डन, हिमदर्शन, भालू गाड़ वाटरफॉल का विकास के साथ ही सरगाखेत में पुराने पुलिस थाने भवन का हैंडीक्राफ्ट कैफ़े के रूप में जीर्णोद्धार किया गया है। लगभग 04 करोड 16 लाख की लागत से मुक्तेश्वर को विकसित किया गया है। नैनीताल में बड़ी संख्या में आए पर्यटकों को वीवीआईपी व्यवस्थाओं से असुविधा न हो इसके दृष्टिगत सीएम पुष्कर सिंह धामी नैनीताल में पूर्व निर्धारित रात्रि विश्राम की जगह आज रात्रि प्रवास पर मुक्तेश्वर में ही करेंगेइस अवसर पर जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल, पुलिस कप्तान पंकज भट्ट, एम डी केएमवीएन विनीत तोमर, एम डी एबी बाजपेई, अपर जिलाधिकारी शिवचरण द्विवेदी, विधायक राम सिंह कैडा, जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, डॉक्टर अनिल कपूर डब्बू, देवेंद्र ढैला, भावना पांडे,रंजन बरगली, कार्तिक हरबोला, कनिष्ठ ढींगरा, प्रदीप बिष्ट, कुंदन चिलवाल, देवेंद्र बिष्ट, हेम बोरा, उपजिलाधिकारी धारी योगेश मेहरा, तहसीलदार तान्या रजवार, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट की संवेदन-शीलता देख घायल दम्पति प्रभावित



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

बाजपुर , 1 मई , काशीपुर कार्यक्रम से हल्द्वानी लोट रहे केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट ने सड़क हादसे में घायल दम्मप्ति का काफिला रोक हाल चाल जाना। जिसके बाद उन्होंने घायल दंपती को अस्पताल चलने का आग्रह किया लेकिन घायल दंपत्ति द्वारा स्वयं अस्पताल जाने की बात कही जिसके बाद केंद्रीय मंत्री ने उनका मोबाइल नबर ले कर कुशल क्षेम जानने की बात कही।

दरअसल शाम पांच बजे केंद्रीय रक्षा राज्य एवं पर्यटन मंत्री अजय भट्ट काशीपुर कार्यक्रम से हल्द्वानी लोट रहे थे। बरहनी के पास बाइक सवार दंपती की मोटर साइकल से एक कुत्ता जा टकराया। जिसमे बाइक असुंतलित हो कर सड़क में जा गिरी जिसमे बैठे रमनदीप कोर और पति कुलदीप घायल हो गए। भीड़ देख केंद्रीय मंत्री ने काफिला रोक कर घायलों का हाल चाल जाना।

## संक्षिप्त खबरें

### गैस सिलेंडर के सही इस्तेमाल व रीफिलिंग संबंधित जानकारी दी

ऋषिकेश। जय शहीद गैस सेवा की ओर से जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जहां उपभोक्ताओं को उज्जवला योजना की रीफिलिंग, गैस सिलेंडर के उचित इस्तेमाल आदि की जानकारी दी गई। रविवार को प्रतीतनगर मिलन केंद्र में जय शहीद गैस सेवा के प्रबंधक कमल नेगी ने उपभोक्ताओं को जानकारी दी। उन्होंने लोगों को गैस चूल्हे के उचित ढंग से इस्तेमाल करने के बारे में बताया। कहा कि गैस लीक होने की स्थिति में रेगुलेटर बंद करके खिडक़ी दरवाजे खोल दें। बिजली के स्विच ऑन ऑफ न करें। पुराने गैस पाइप का इस्तेमाल न करें। पाइप हमेशा गैस एजेंसी से ही खरीदें। उन्होंने गैस बुकिंग के विभिन्न तरीकों की जानकारी भी उपभोक्ताओं को दी। मौके पर ग्राम प्रधान अनिल कुमार, बालम सिंह रावत, बिंटू सिंह, पृथ्वी पाल आदि उपस्थित रहे।

### अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया

ऋषिकेश। प्रशासन, नगर निगम और पुलिस की संयुक्त टीम ने अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। अभियान के दौरान दर्जनों ठेलियों व अन्य अस्थाई अतिक्रमण को हटाया गया। ये अभियान बैराज रोड के आसपास चलाया गया। वाई-20 के तहत एम्स में चार और पांच मई को प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियां तेज हो गई हैं। सुगम आवाजाही के लिए मेहमानों के आवागमन रूट से अतिक्रमण हटाया जा रहा है। दोबारा सडक़ के किनारों पर घेरबाड़ करने वालों को सख्त कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी जा रही है। रविवार को अभियान के दौरान ठेली संचालकों ने विरोध का प्रयास भी किया। हालांकि पुलिस बल को देखते हुए वह बाद में शांत हो गए। सहायक नगर आयुक्त चंद्रकांत भट्ट ने बताया कि यह कार्रवाई डीएम देहरादून के निर्देश पर की गई है। बताया कि दूनमार्ग स्थित इंद्रमणि बड़ोनी चौक से अतिक्रमण हटाने की शुरूआत की गई थी। हरिद्वार बाईपास मार्ग पर मनसा देवी रेलवे फाटक होते हुए आईडीपीएल रोड से अतिक्रमण हटा दिया गया है। अब एम्स के आसपास ठेली और रेहडियों वालों को हटाया गया है। वाई-20 के तहत एम्स पहुंचने वाले मेहमानों का यही रूट है। अतिक्रमण हटाने के दौरान तहसीलदार अमृता शर्मा मौजूद रहीं।

### नशे के व्यापार पर रोक लगाए पुलिस प्रशासन

ऋषिकेश। राज्य आंदोलनकारियों ने ऋषिकेश में बढ़ते नशे के व्यापार व अतिक्रमण को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से नशे और अतिक्रमण पर रोक लगाने की मांग की। रविवार को राज्य आंदोलनकारियों ने नगर निगम परिसर स्थित इंद्रमणि बडोनी सभागार में बैठक की। बैठक में राज्य आंदोलनकारियों ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में नशे का कारोबार लगातार बढ़ता जा रहा है। प्रदेश के युवा नशे की लत में पड़ रहे हैं। कहा कि ऋषिकेश में वर्तमान में कोई गली, कोई मोहल्ला ऐसा नहीं है, जहां शराब खुलेआम नहीं बिक रही हो। आरोप है कि मेडिकल स्टोर में भी नशे के कैप्सूल इत्यादि प्रतिबंधित दवाइयां बिक रही है। जो आने वाली पीढ़ी के लिए बहुत ही घातक है। उन्होंने कहा कि ऋषिकेश के यात्रा बस अड्डे जैसे स्थानों पर भी नशीलें पदार्थों की बिक्री की जा रही है। कहा कि ऋषिकेश में अतिक्रमण के चलते हाइवे पर जाम लग रहा है। उन्होंने कहा कि इस मामले में जल्द ही कार्यवाही नहीं हुई तो पुलिस प्रशासन के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा।

# G20 कार्यक्रम के लिए पौड़ी एसएसपी श्वेता चौबे एक्टिव मोड में



## बाहरी संदिग्ध व्यक्तियों पर सत्यापन की कार्यवाही लगातार जारी

पौड़ी , 1 मई , वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदया पौड़ी श्वेता चौबे के निर्देशन में जनपद के थाना लक्ष्मणझूला क्षेत्र में आगामी G20 कार्यक्रम के तहत पौड़ी पुलिस द्वारा विगत वर्षों से बाहरी राज्यों से जनपद में कार्यरत एवं निवास करने वाले व्यक्तियों, छात्रों, श्रमिकों, किरायेदारों, घरेलू नौकरों, फड़-फेरी, मजदूरों एवं संदिग्ध रूप से घूम रहे व्यक्तियों के वृहत रुप से लगातार सत्यापन की कार्यवाही करते हुये उल्लघंन करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है।



# रायपुर पुलिस ने स्कूली छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहने की दिलाई शपथ




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 1 मई : रायपुर पुलिस ने द्वारा जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत स्कूली छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभाव की दी जानकारी, नशे से दूर रहने की दिलाई शपथ, साथ है साइबर क्राइम, गोरा शक्ति ऐप, यातायात के नियमों की दी जानकारी। थाना रायपुर पुलिस द्वारा पुलिस उप-महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद देहरादून के निर्देशन व पुलिस अधीक्षक नगर देहरादून के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी रायपुर के निकट पर्यवेक्षण में थाना रायपुर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत समय-समय पर स्कूल विद्यालयों में जागरूक अभियान चलाकर छात्र छात्राओं को नशे के दुष्प्रभाव, साइबर क्राइम, यातायात के नियम व गौरा शक्ति एप व महिला अपराध की जानकारी दी जा रही है।

इसी क्रम में थानाध्यक्ष रायपुर व si भावना के द्वारा थाना क्षेत्र में स्थित दून वर्ल्ड स्कूल रायपुर रोड में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभाव की जानकारी दें गई। नशे की रोकथाम तथा नशे की प्रवृत्ति पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने हेतु पुलिस को अपेक्षित सहयोग प्रदान करने हेतु बताया गया। सभी छात्र-छात्राओं,अध्यापकों को नशे से दूर रहने व मिलकर प्रभावी कार्रवाई हेतु सहयोग करने करने हेतु शपथ दिलाई गई। उक्त के अतिरिक्त सभी छात्र छात्राओं को साइबर क्राइम तथा यातायात नियमों, महिला अपराध, गोरा शक्ति एप के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई । उक्त कार्यक्रम थाना क्षेत्र में निरंतर रूप से अभियान प्रचलित रहेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### गंगभेवा बावड़ी मेले के सफल आयोजन में पुलिस के सहयोग के लिए सम्मानित किया

विकासनगर। गंगभेवा बावड़ी में बैशाखी के पर्व आयोजित मेले के सफल आयोजन में सहयोग करने के लिए मेला प्रबंधन समिति की ओर से कोतवाली पुलिस को सम्मानित किया गया। मेला समिति का कहना है कि मेले के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस ने अहम योगदान दिया। जिसके लिए मेले में प्रभारी रहे एसएसआई सहित सभी पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया गया।गंगभेवा बावड़ी में रविवार को प्रबंधन समिति गंग बावड़ी मंदिर श्री महादेव श्री गौतम आश्रम, भीमावाला की ओर से सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष अध्यक्ष डॉ. गिरिराज शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह में कोतवाली विकासनगर के एसएसआई भुवन चंद्र पुजारी, एसआई चंद्र शेखर नौटियाल, हेड कांस्टेबल सुभास रावत, विक्रम रावत, नरेंद्र, कांस्टेबल अनिरुद्ध, श्रीकांत मलिक, सरवन कुमार, मनजीत, कपिल, कविता, सिक्योरिटी अजय जोशी पवनदीप व प्रदीप जायसवाल को प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर समिति के उपाध्यक्ष अजय वर्मा व कोषाध्यक्ष नरेंद्र पाल शर्मा, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय गुप्ता, आशीष शर्मा, यश कश्यप, राजेश, संतोष रावत, विनोद कश्यप, अरविंद शर्मा, राहुल कुमार, ईशम सिंह चौधरी, राजीव गुप्ता, वृजभान आदि शामिल रहे।+

### राइंका कालसी का पीमश्री योजना में चयन से खुशी की लहर

विकासनगर। राजकीय इंटर कॉलेज कालसी का चयन पीमश्री स्कूल के तौर पर होने से विद्यालय परिवार सहित अभिभावकों में खुशी की लहर है। विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि इसका लाभ जनजाति क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को मिलेगा। पीएम श्री योजना के समन्वयक सुदर्शन प्रसाद चमोली ने बताया कि पीएमश्री योजना के तहत चयन होने पर अब विद्यालय में नवीनतम तकनीक, स्मार्ट क्लास रूम के साथ ही अन्य आधुनिक तकनीक मुहैया कराई जाएंगी। विद्यालय में सभी छात्रों के लिए सुरक्षित, प्रोत्साहित करने वाले शैक्षिक वातावरण में सीखने और अलग अनुभव प्रदान करने वाली अच्छी ढांचागत व्यवस्था के साथ ही समुचित संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाती है। विद्यालय में उपस्थिति बढ़ाना, बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया जाएगा। स्कूल ड्रॉप आउट में भी कमी लाने की कोशिश की जाएगी। बताया कि पुस्तकालय, कौशल प्रयोगशाला, कंप्यूटर प्रयोगशाला, विज्ञान प्रयोगशाला में आधुनिक उपकरण मुहैया होंगे। प्रधानाचार्य डॉ. एस के गौड़ ने कहा कि विद्यालय में किताबी ज्ञान के साथ ही उनका संपूर्ण व्यक्तित्व और कौशल विकास होगा, जिससे छात्र-छात्राएं जिम्मेदार नागरिक के तौर पर तैयार होंगे। बीईओ बीपी जदली ने कहा कि राजकीय इंटर कॉलेज कालसी में जल्द ही पीएमश्री योजना के मानकों के अनुरूप संसाधन मुहैया करा दिए जाएंगे।

# कमाली टीम ने छुटमलपुर टीम को हराकर वॉलीबॉल फाइनल जीता

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

गांव कमालपुर_ कमाली में वॉलीबॉल टूर्नामेंट मैच का आयोजन किया गया जिसमें में छुटमलपुर , कमाली , हरोड़ा , सिकरोड़ा , अल्हेड़ी , रसूलपुर , खतौली, फतेपुर , छापूर से 9 टीमों ने हिस्सा लिया। सभी टीमों ने अच्छा प्रदर्शन किया , लेकिन अंत में कमाली टीम और छुट-मलपुर टीम फाइनल में पहुंची, कमाली और छुटमलपुर की टीम के बिच फाइनल मुकाबला खेला गया। फ़ाइनल मुकाबला के चलते कमालपुरकमाली के लोगो ने खूब लुफ्त उठाते हुए कमाली टीम का मनोबॉल बढ़ाया और फाइनल मुकाबला के चलते हुए कमाली टीम ने 2-0 से जीत दर्ज कर फाइनल जीता। वही सभी लोगों की और से विजेता टीम को सम्मान दिया गाया। और विजेता प्रतिभागी टीम को संस्थान की ओर से सम्मानित किया गया। इसी बिच कमालपुर _ कमाली के ग्राम प्रधान शोएब अली ने विजेता टीम को बधाई देते हुए आगे टीम को अच्छा खेलने के लिए प्रोत्साहित किया । इस मौके पर कमालपुर कमाली ग्राम प्रधान शोएब अली . मोहम्मद अख्तर , मोहम्मद शमीम , अरशद, जीशान, आरिफ, मुन्तज़िर, नवाब मोनू , जुनैद , सब्बर ,इनाम, सतीश, चौधरी शोभित राठी , संदीप ,, राजेंद्र , जितेंद्र, सागर ,, विशाल ,, मांगे राम सैनी , पिंकू राणा , मौजूद रहे।











# वाइ-20: एसएसपी ने लिया आयोजन स्थल का जायजा

ऋषिकेश। एम्स में वाई-20 के तहत प्रस्तावित दो दिवसीय कार्यक्रम में मेहमानों की सुरक्षा और आवागमन रूट का जायजा लेने के लिए डीआईजी एवं एसएसपी पहुंचे। उन्होंने स्थानीय पुलिस अधिकारियों से फीडबैक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सभी व्यवस्थाओं को दो मई तक हर हाल में पूरा करने को भी निर्देशित किया। वाई-20 का आयोजन चार और पांच मई को है। रविवार को डीआईजी एवं एसएसपी दलीप सिंह कुंवर ने मेहमानों के ठहरने के स्थल नटराज होटल और टीएचडीसी गेस्ट हाउस का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने हरिद्वार बाईपास मार्ग से मनसा देवी फाटक और फिर आईडीपीएल होते हुए एम्स रूट का भी निरीक्षण किया। एम्स में उन्होंने कॉन्फ्रेंस हाल को देखने के साथ संस्थान के अधिकारियों से भी आवश्यक जानकारियां ली। एसएसपी ने बताया कि तीन मई को आयोजन में शामिल होने वाले मेहमान ऋषिकेश पहुंच जाएंगे।

# नगर निगम द्वारा वेस्ट पिक्कर्स हेतु आयोजित किया गया प्रशिक्षण कार्यक्रम

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 1 मई , नगर निगम देहरादून द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के तहत देहरादून क्षेत्र मे गली- मोहल्लों से सूखे कचरे को उठाने का काम करने वाले सफाई मित्रों या वेस्ट पिकर समुदाय के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम करवाया गया जिसमें सूखे और गीले कचरे को अलग करने के फायदे से उनको अवगत किया गया साथ ही सफाई व्यवस्था के समय कैसे अपनी सुरक्षा भी करे की जानकारी दी गई ।नगर आयुक्त मनुज गोयल द्वारा कांवली रोड स्थित सामुदायिक भवन पर आज सूखे कचरे को उठाने का काम करने वाले वेस्ट पिक्कर को सुरक्षा किट प्रदान की गई जिसमे पहचान पत्र, रिफ्लेक्टर कोट, दस्ताने वा मास्क था. देहरादून में वेस्ट वॉरियर्स संस्था द्वारा वर्ष 2019 में किए गए सर्वे के दौरान लगभग 700 परिवार ऐसे चिन्हित किए गए थे जो यह सब काम कर रहे है और हर वर्ष नगर निगम देहरादून द्वारा इनको स्वच्छ भारत मिशन के दिशा निर्देश अनुसार सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाते है, इसी क्रम मे आज भी 250 वेस्ट पिकर्स को यह सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए गए है. देहरादून में कांवली रोड,चुना भट्टा, बिंदल पुल के नजदीक बस्ती, सपेरा बस्ती और करगी चौक पर यह परिवार निवास करते है ।वार्ड पार्षद विशाल कुमार द्वारा बताया गया की लगभग 250 वेस्ट पिक्कर्स परिवार केवल हमारे वार्ड के कांवली रोड बस्ती पर निवास करते है और सुबह सुबह ही यह लोग अपने काम पर निकल जाते है, यहां वहां पड़ा प्लास्टिक,पेपर, गत्ता,कांच,पन्नी आदि इनके द्वारा एकत्रित किया जाता है और इस को बेचकर इनका जीवन यापन भी होता है. नगर निगम द्वारा आज इनको एक पहचान देने का काम किया गया. आज के इस कार्यक्रम में सहायक नगर आयुक्त श्री शांति प्रसाद जोशी, वेस्ट वॉरियर्स संस्था से मिताली रावत, नवीन कुमार सडाना, ओसिनिका, पूजा, सौरभ आदि मौजूद रहे।

# चम्पावत जिले से पीएम को भेजी दो हजार चिट्ठी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

चम्पावत। कांग्रेस के चि्ठी भेजो अभियान का समापन किया गया। पार्टी ने चम्पावत जिले से प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को दो हजार चि्ठी भेजने का दावा किया है। कार्यक्रम की शुरुआत आठ अप्रैल से की गई थी। रविवार को कांग्रेस पार्टी ने चि्ठी भेजो अभियान का समापन किया। कांग्रेस कार्यालय में हुए कार्यक्रम में समापन पर भी प्रधानमंत्री को चि्ठी भेजी गई। इस दौरान हुई पत्रकार वार्ता में जिलाध्यक्ष पूरन सिंह कठायत और पूर्व एआईसीसी सदस्य निर्मला गहतोड़ी ने पत्रकार वार्ता की। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत आठ अप्रैल से की गई थी। बताया कि लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। बताया कि चि्ठी में महंगाई, भ्रष्टाचार समेत तमाम मुद्दों को उठाया गया। इसके अलावा पुलवामा हमले में शहीदा परिवारों की मांग पर न्यायिक जांच करने, सेना और अद्धसैनिक बलों में रिक्त पद भरने, अडानी समूह से संबंधों का खुलासा करने, अंकिता हत्याकांड की निष्पक्ष जांच, एससी विकास बजट में कटौती करने, गुजरात बंदरगाह में 41643 करोड़ मूल्य के नशीले पदार्थों की जांच करने समेत मुद्दों को चि के जरिए उठाया गया। कार्यक्रम में मोहन सिंह अधिकारी, नीरज वर्मा, अशोक वर्मा, प्रकाश बोहरा, जगदीश जोशी, अनुज गहतोड़ी, धीरज गहतोड़ी, अभिषेक तड़ागी आदि मौजूद रहे।

## मसूरी में खाई में गिरे दो युवक, पुलिस ने रेस्क्यू कर बचाया

देहरादून। मसूरी- हाथीपाव मोटर मार्ग पर दो युवक गहरी खाई में गिर गए। पुलिस ने रेस्क्यू कर दोनों को सकुशल खाई से निकाला। घायल अवस्था में दोनों को देहरादून के मैक्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, शनिवार रात पुलिस को दो युवकों के हाथी पाव मोटर मार्ग पर नाग मंदिर के समीप से तीन सौ मीटर खाई में गिरने की सूचना मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीठपर लादकर दोनों को सडक़ तक पहुंचाया। चोट लगने के कारण दोनों गंभीर रूप से घायल हुए। यहां से 108 आपातकालीन सेवा के जरिए दोनों को मैक्स अस्पताल देहरादून में भर्ती कराया है। यहां उनकी हालत स्थिर बताईजा रही है। घायलों की पहचान उत्कृष्ट कुमार पुत्र जितेंद्र कुमार निवासी बसंत विहार जनपद देहरादून, अमरजीत सिंह चौहान पुत्र रामदयाल चौहान निवासी मोहल्ला धर्माबाद थाना मदार जिला गाजियाबाद उत्तर प्रदेश के रूप में हुई। उधर, पुलिस का कहना है कि युवकों केखाई में गिरने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

## कृषक महोत्सव में कम पहुंचे किसान

हरिद्वार। राजकीय इंटर कॉलेज लालढांग के प्रांगण में रविवार को खरीफ कृषक महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें उद्यान, कृषि, पशुपालन, सहकारिता और गन्ना विभाग द्वारा स्टाल लगाकर संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी किसानों को दी गई। हालांकि महोत्सव की जानकारी न होने के कारण किसान कम पहुंचे। महोत्सव में पहुंचे किसानों ने किसान सम्मान निधि से जुड़ी समस्याएं रखीं। मीठीबेरी रसूलपुर के ग्राम प्रधान कमलेश द्विवेदी ने कहा कि वास्तव में किसान तक लाभ नहीं पहुंचता है।

## ऋषिकेश में वीकेंड पर फिर यातायात व्यवस्था लडख़ड़ाई

ऋषिकेश। यात्रा सीजन में नया ट्रैफिक प्लान लागू करने के बाद भी वीकेंड के दूसरे दिन रविवार को तीर्थनगरी ऋषिकेश की यातायात व्यवस्था लडखड़ा गई। हरिद्वार-ऋषिकेश हाईवे पर कोयलघाटी तिराहा से तपोवन तक जगह-जगह जाम लगता रहा। जिसके चलते पर्यटकों के साथ ही स्थानीय लोगों को परेशानी हुई। इधर, ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए पुलिस और होमगार्ड के जवान चौक चौराहों पर पूरे दिन मशक्कत करते रहे।

22 अप्रैल से शुरू चारधाम यात्रा के लिए विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों की आमद हर रोज प्रवेशद्वार ऋषिकेश में हो रही है। इस बीच वीकेंड पर शनिवार और रविवार को बड़ी संख्या में पर्यटक सैर सपाटे के लिए ऋषिकेश पहुंच रहे हैं। ऋषिकेश में वाहनों का दबाव बढ़ गया है। रविवार को पर्यटक वाहनों का दबाव बढने से नया ट्रैफिक प्लान ध्वस्त हो गया। ऋषिकेश-हरिद्वार हाईवे पर वाहनों का ज्यादा दबाव रहा। लोगों को घंटों जाम से जूझना पड़ा। कोयलघाटी तिराहा, पीडब्लूडी तिराहा, घाट चौक, चंद्रभागा पुल तिराहा, कैलासगेट, शिवानंद गेट मुनिकीरेती, तपोवन तक यातायात बाधित रहा। वहीं हरिद्वार बाईपास मार्ग पर तहसील चौक, नटराज चौक से ढालवाला, भद्रकाली तिराहा तक जाम लगा रहा। वहीं, जाम खुलवाने के लिए प्रत्येक तिराहा और चौराहे पर पुलिस उपनिरीक्षक, ट्रैफिक सिपाही, होमगार्ड के जवान मुस्तैद नजर आए। बावजूद ट्रैफिक व्यवस्था को कंट्रोल नहीं किया जा सका।

## पूर्व सैनिकों की पेंशन में वृद्धि की जाए

ऋषिकेश। उत्तराखंड पूर्व सैनिक एवं अर्ध सैनिक संगठन की बैठक में पेंशन विसंगतियों पर चर्चा की गई। पूर्व सैनिकों ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से लागू ओआरओपी का उन्हें लाभ नहीं मिला है। रविवार को भानियावाला में आयोजित बैठक में पूर्व सैनिकों से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा हुई। पेंशन का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया।

संगठन अध्यक्ष कैप्टन आनंद सिंह राणा ने कहा की पूर्व सैनिक ओआरओपी के लिए केंद्र सरकार की सराहना करते हैं। लेकिन, इसके बावजूद अभी इसका मूल उद्देश्य पूरा नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत हो रहा है जैसे सरकार के पास इसका सही आंकड़ा नहीं है। आज देश के पूर्व सैनिक सडक़ पर आ गए है। क्योंकि ओआरओपी में सैनिक की पेंशन में या तो नाम मात्र की बढ़ोत्तरी की गई है या घटा दी गई है। उन्होंने कहा की सभी सैनिकों की पेंशन में बढ़ोत्तरी होनी चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### चम्पावत में पीएम मोदी की मन की बात सुनी

चम्पावत। चम्पावत में पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय में रामलीला स्टेज, केंद्रीय प्राथमिक स्कूल, कुलेठी प्राथमिक स्कूल में कार्यक्रम हुआ। जिसमें कार्यकर्ताओं और लोगों ने मन की बात सुनी रविवार को मल्लीहाट रामलीला स्टेज में मन की बात कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के सौवें एपिसोड को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया। स्टेज को आकर्षक तरीके से सजाया गया था। टीवी के जरिए लोगों ने पीएम मोदी के मन की बात सुनी। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी, विकास साह, सूरज प्रहरी, रोहित बिष्ट ,नंदन तड़ागी, मोहित पांडेय, गिरिश जोशी, कैलाश अधिकारी, विकास गिरी, जगदीश पनेरू, चंद्र मोहन वर्मा, अमीर बख्श, रोशन लाल, बसंती देवी, गोविंदी देवी, मीना प्रहरी, सीमा देवी, बबीता प्रहरी, मंजू देवी, मुन्नी देवी, संगीता देवी, पार्वती देवी, हिमांशु, नितिन, गौरव, संदीप, चंद्र प्रकाश आदि मौजूद रहे।

### युंका के जिला को-ऑर्डिनेटर बने सचिन

हल्द्वानी। युवा नेता सचिन राठौर को यूथ कांग्रेस सोशल मीडिया जिला को-ऑर्डिनेटर बनाया गया है। यूथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर, प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत साहू, मयंक गोस्वामी, मोनू चौहान, शाहनवाज मालिक आदि ने उन्हें बधाई दी है।

### ग्रामीण की झोपड़ी में आग से लाखों का नुकसान

हल्द्वानी। गौलापार में रविवार सुबह एक ग्रामीण की झोपड़ी में आग लग गई। हादसे में झोपड़ी में रखा अनाज और नगदी जलकर नष्ट हो गई। पुलिस के अनुसार लक्ष्मपुर ग्रामसभा की तारा नवाड़ गांव निवासी प्रताप चंद की झोपड़ी मंद सुबह 8 बजे आग लग गई। स्थानीय ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन तेज हवा के चलते आग ने झोपड़ी को चपेट में ले लिया। प्रताप चंद ने बताया कि आग से उनके घर में रखा आनाज, कपड़े, बिस्तर, जेवर और नगदी सभी जल गए। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। समाजिक कार्यकर्ता प्रकाश पांडे ने बताया कि प्रताप चंद ने मकान निर्माण के लिए घर में 1.5 लाख रुपये रखे थे। रुपये भी आग में जल गए। ग्राम प्रधान तनुजा पांडे ने जिला प्रशासन से पीडि़त को मुआवजा देने की मांग की है।

### 1155 ने दी पीसीएस (जे) प्रारंभिक परीक्षा

हल्द्वानी। शहर में रविवार को 4 परीक्षा केंद्रों में पीसीएस (जे) प्रारंभिक परीक्षा आयोजित की गई। नोडल अधिकारी परीक्षा/अपर जिलाधिकारी शिवचरण द्विवेदी ने बताया कि के लिए 1955 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। जिसमें से 1155 ने परीक्षा दी, जबकि 800 अनुपस्थित रहे। सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक हुई परीक्षा शांतिपूर्ण रही।

### रामनगर में वन रैंक वन पेंशन को लेकर प्रदर्शन

हल्द्वानी। पूर्व सैनिक उत्थान एवं कल्याण समिति की ओर से वन रैंक वन पेंशन की मांग को रखते हुए धरना प्रदर्शन किया गया। रविवार को प्रदर्शन में पूर्व सैनिकों व वीर नारियों ने बढ़ चढक़र हिस्सा लिया। शहीद पार्क लखनपुर में शहीदों को याद करते हुए व संगठित पूर्व सैनिकों को वन रैंक वन पेंशन के बारे में जानकारी देते हुए सांसद प्रतिनिधि नगर नवीन करगेती व सांसद प्रतिनिधि इन्दर रावत के माध्यम से प्रधानमंत्री, रक्षामंत्री और सांसद को ज्ञापन भेजा गया। समिति अध्यक्ष कुलवंत सिंह रावत ने बताया कि वन रैंक वन पेंशन में अब भी कई विसंगतियां हैं। पूर्व सैनिक संगठन रामनगर के सचिव भुवन सिंह डंगवाल ने बताया कि समान रैंक और सेवा अवधि से सेवानिवृत्त सैनिकों को एक समान पेंशन दी जाए। भले ही उनकी सेवानिवृत्ति किसी भी वर्ष हुई हो। इस दौरान समिति के संरक्षक हरगोविंद पाण्डेय, उपाध्यक्ष दामोदर जोशी, ब्लॉक प्रतिनिधि चंद्र मोहन मनराल आदि मौजूद रहे।

### खटीमा में मन की बात के 100 वें एपीसोड पर काटा गया केक

रुद्रपुर। खटीमा विधानसभा के 125 बूथों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम सुना गया। खेतलसंडा खाम में 100 एपीसोड होने पर केक काटा गया। इधर, पीलीभीत रोड में हनुमान मंदिर, अमाऊं में महिला मोर्चा, वाल्मीकि कालोनी में मन की बात भव्य आयोजन के साथ सुनी गई। खेतलसंडा खाम में भाजपा मंडल अध्यक्ष जीवन धामी, अमाऊं में धाना भंडारी, हनुमान मंदिर में गौरव सोनकर, वाल्मीकि बस्ती में अमित कुमार पांडेय के नेतृत्व में कार्यक्रम हुए। बूथ नंबर छह और सात के कार्यकर्ताओं ने मन की बात सुनीं। यहां भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी, जिला महामंत्री सतीश गोयल, नगर महामंत्री मनोज वाधवा, नगर उपाध्यक्ष अनुपम शर्मा, संतोष अग्रवाल, ठाकुर महेंद्र सिंह, राहुल सक्सेना, तरुण ठाकुर, नीलू गुप्ता, कमल चौहान, ललित जोशी, डॉक्टर बाबू राम अरोड़ा, सुधीर बत्रा, अशोक तिवारी, केपी सिंह, राजू कश्यप, मनोज श्रीवास्तव, मदनलाल ढींगरा, जानकी देवी आदि मौजूद रहें।

## संपादकीय



# बड़ी चुनौती भी है चुनाव आया, ज़हर लाया

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने एक बार फिर देश के प्रधानमंत्री मोदी को गाली दी है। उन्होंने प्रधानमंत्री को 'ज़हरीला सांप' करार दिया है और कहा है कि यदि आप इसका विष चखेंगे, तो आपकी मृत्यु हो जाएगी।' खडग़े ने बाद में सफाई भी दी कि उन्होंने प्रधानमंत्री की विचारधारा को 'सांप' कहा है। यदि फिर भी किसी को ठेस पहुंची है, तो उन्हें खेद है। यह प्रवृत्ति किसी को मार कर पुचकारने वाली है। कांग्रेस की गाली देने और अपमानित करने की परंपरा पुरानी है। मार्च, 2023 में ही कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री को 'तानाशाह' कहा था। उससे पहले गुजरात चुनाव के दौरान नफरती अंदाज़ में खडग़े ने कहा था कि मोदी '10 सिर वाला रावण' है क्या? वह प्रधानमंत्री मोदी को 'झूठों का सरदार' तो कई बार कह चुके हैं। 2014 में नरेन्द्र मोदी देश के प्रधानमंत्री चुने ही गए थे कि एक वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने उन्हें 'सांप' कहा था। कई कांग्रेसियों ने प्रधानमंत्री के लिए अभद्र, अश्लील, गरिमाहीन और मर्यादाहीन अपशब्दों का प्रयोग किया है। हम बार-बार विश्लेषण कर चुके हैं कि यह अभिव्यक्ति की आज़ादी नहीं है। शब्दों, भाषा और जुबान का संयम तो रहना ही चाहिए। प्रधानमंत्री ने भी कुछ आपत्तिजनक विशेषणों का प्रयोग किया था, लेकिन वे चुनाव तक ही सीमित रहे। अलबत्ता वे गाली के स्तर के शब्द नहीं थे। वे व्यंग्यात्मक जरूर थे, लेकिन प्रधानमंत्री ने उन शब्दों को दोहराया नहीं है। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी के प्रति इसे 'नफरती एजेंडा' ही तय कर लिया है। राजनीति प्रतिशोध से नहीं की जा सकती। यह लोकतंत्र का अवमूल्यन है। कांग्रेस अध्यक्ष खडग़े ने कर्नाटक चुनाव के दौरान एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री की तुलना 'ज़हरीले सांप' से की। क्या इसी आधार पर चुनाव लडक़र कांग्रेस जीतना और सत्ता हासिल करना चाहती है? प्रधानमंत्री मोदी भी 142 करोड़ से अधिक की आबादी के निर्वाचित प्रतिनिधि हैं। क्या जनता ने 'ज़हरीले सांप' को जनादेश दिया था? क्या प्रधानमंत्री को गाली देने के मायने देश की जनता और लोकतंत्र को अपशब्द कहना नहीं हैं? क्या लोकतंत्र और संविधान में ऐसी गालियों की कोई गुंज़ाइश है? हम लगातार देख रहे हैं कि जब भी चुनाव आता है, तो कांग्रेस अध्यक्ष समेत पार्टी के नेता और प्रवक्ता ज़हर उगलना शुरू कर देते हैं। यह उनकी राजनीतिक कुंठा भी हो सकती है।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**

**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus

न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# देश में मन की बात कार्यक्रम सामाजिक आंदोलन बन गया है : निशंक



हरिद्वार। हरिद्वार सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का विश्व रिकॉर्ड बना है। देश में मन की बात कार्यक्रम सामाजिक आंदोलन बन गया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश शिखर की तरफ विश्वगुरु बनने के लिए बढ़ रहा है। कार्यक्रम में साधु संत समाज का भी बड़ी संख्या में आशीर्वाद मिला है। ये बातें निशंक ने मन की बात कार्यक्रम के बाद पत्रकारों के सवाल के जवाब में कहीं।

निशंक ने बूथ संख्या 174 ऋषिकुल ऑडिटोरियम में साधु संतों के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का 100वां संस्करण सुना। कार्यक्रम पूरा होने के बाद साधु संत मन की बात कार्यक्रम से प्रभावित दिखे। इस दौरान निशंक ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम की वजह से छोटी-छोटी बातें भी देश के लिए अभियान बन गई हैं। अंतिम छोर में बैठा व्यक्ति जो देश के लिए अच्छा कर रहा है, उस व्यक्ति को दुनिया के सामने लाने की प्रधानमंत्री की सोच बहुत बड़ी सोच है।

अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्र पुरी (महानिर्वाणी) ने कहा कि कार्यक्रम को विस्तार से सुनने पर कई चीजें सीखने को मिली हैं। हिमालय पर स्वच्छता अभियान, नदियों का संरक्षण, तालाबों का नवीनीकरण किया जा रहा है। कार्यक्रम से प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में धर्माचार्यों की सहभागिता राजा को आशीर्वाद के रूप में मिलती है। यही प्रयास डॉ. निशंक ने किया है। पूर्व प्रवक्ता बाबा हठयोगी ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम से छोटे प्रतिभावान लोगों को पहचान मिल रही है।

कार्यक्रम में महामंडलेश्वर स्वामी हरिचेतनानंद, जसविंदर सिंह, मंहत महेश पुरी, महंत अमनदीप, महंत देवानंद सरस्वती, महंत रवि पुरी, महंत राम रतन गिरी, महंत रघुवीर दास, महंत अरुण दास, महंत दुर्गा दास, स्वामी जगत राम, स्वामी रविदास, स्वामी अरुण दास, स्वामी राम मुनि, ओम प्रकाश जमदग्नि, अनिल अरोड़ा, नितिन गौतम, राजन मेहता, मनोज जखमोला, वीरेंद्र सिंह, सुनील मिश्रा, मनोज शर्मा, विमल कुमार, आलोक गौतम, बालकृष्ण चमोली, लव शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# मेडिकल कॉलेजों में क्वालिटी एजुकेशन पर दिया जा रहा जोर : डा. चंद्रा

श्रीनगर गढ़वाल। वीर चन्द्रसिंह गढ़वाली राजकीय आयुर्विज्ञान एवं शोध संस्थान(मेडिकल कॉलेज)श्रीनगर में एमबीबीएस बैच 2022 में प्रवेशित छात्र-छात्राओं का फ्रेशर परिचय समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें एमबीबीएस छात्र-छात्राओं ने गढ़वाली, जौनसारी, हिमाचली और हिंदी गानों में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से समा बांधा। एमबीबीएस छात्र-छात्राओं ने बड़े उत्साह एवं मेडिकल कॉलेज के समस्त संकाय सदस्यों का आशीष लेकर अपना परिचय देकर सबका मनमोहा। छात्रों का परिचय और हॉबी सुनकर छात्र-छात्राओं ने खूब तालियां बजाकर स्वागत किया। फ्रेशर परिचय समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि हेमवती नंदन बहुगुणा उत्तराखंड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. हेम चंद्रा ने किया। इस दौरान मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. सीएमएस रावत ने कुलपति को पहाड़ी टोपी पहनाकर एवं स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया। कुलपति डॉ. चंद्रा ने कहा श्रीनगर मेडिकल कॉलेज में अच्छा व गुणात्मक सुधार स्पष्ट दिख रहा रहा है। कहा विगत पांच साल के भीतर यहां एमबीबीएस कोर्स की सीटें बढने से लेकर पीजी कोर्स की मान्यता मिलना सुखदायी क्षण रहा। कहा सभी मेडिकल कॉलेजों में क्वालिटी एजुकेशन बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया है। प्रदेश के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत की पहल पर आज मेडिकल कॉलेजों में नियमित संकाय सदस्यों की नियुक्ति, अत्याधुनिक सीटी, एमआरआई, वायरोलॉजी लैब व अन्य उपकरण की सुनिश्चितता के साथ साथ इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत कर मरीजों की चिकित्सा सेवा को बढ़ावा देने से लेकर चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता में बेहतर कार्य हो रहे है। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सीएमएस रावत ने कहा कि श्रीनगर मेडिकल कॉलेज में फैकल्टी से लेकर एमबीबीएस यूजी और पीजी कोर्स संचालन कराने में कुलपति की ओर से किए जा रहे कार्यों पर आभार जताया। मौके पर बाल रोग विभाग के एचओडी प्रो. व्यास रौठार, प्रो. दीपा हटवाल, डॉ. नियति, एसो. प्रोफेसर डॉ. तृप्ति श्रीवास्वत, डॉ. नवज्योति बोरा, डॉ. मोनिका, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. एके पांडेय आदि मौजूद रहे।

## भू-माफियाओं पर अंकुश लगाया जाए

हरिद्वार। किसान यूनियन राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सवित मलिक के निर्देशानुसार रविवार को किसान यूनियन कार्यालय भागीरथी विहार लक्सर रोड हरिद्वार के गांव मिस्सरपुर में किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में जिला अध्यक्ष अंकित चौहान का किसानों ने फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। सम्मेलन में संगठन का विस्तार किया गया। वहीं, बागबानों और खेतों को उजाडक़र अवैध कालोनियां बनाने वालों और सरकारी गूल को क्षतिग्रस्त करने वाले भू-माफियाओं पर अंकुश लगाने की मांग उठाई गई। कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी भी दी गई। जिला अध्यक्ष ने बताया कि कार्यकारिणी को मजबूत करने के लिए आकाश पवार को जिला उपाध्यक्ष, सोनू कश्यप को जिला सचिव, रवि अरोड़ा को जिला सचिव, संदीप कुमार को ज्वालापुर तहसील अध्यक्ष, मुकुल पाल को बहादराबाद ब्लॉक अध्यक्ष सैय्याद अली, मंगेश कुमार, सुरेंद्र कुमार, रामेंद्र रवि कुमार को किसान यूनियन की सदस्यता ग्रहण कराई गई। जिला अध्यक्ष अंकित चौहान ने कहा कि किसान यूनियन किसानों की हर समस्या के समाधान के लिए आवाज उठाने को हर समय खड़ी है। सम्मेलन में रजनीश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष मनीष चौहान, जिला सचिव गुलशन कुमार सहित बड़ी संख्या में किसान कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सम्मेलन का संचालन जिला मीडिया प्रभारी अमित सैनी ने किया।

## पीसीएस-जे की प्रारंभिक परीक्षा 46 फीसदी ने छोड़ी

हरिद्वार। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की उत्तराखंड न्यायिक सेवा सिविल न्यायाधीश परीक्षा-2023 की प्रारंभिक परीक्षा में 46.53 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। पीसीएस-जे की प्रारंभिक परीक्षा के लिए कुल 25239 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। लोक सेवा आयोग के सचिव गिरधारी सिंह रावत ने बताया कि रविवार को आयोग की ओर से पीसीएस जे-2023 की प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन सुबह 10:00 से दोपहर 1:00 बजे के बीच कराया गया। यह परीक्षा राज्य के अल्मोड़ा, नैनीताल, ऊधमसिंह नगर, हरिद्वार, देहरादून एवं पौड़ी गढ़वाल जनपद में बनाए गए कुल 56 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई। पीसीएस-जे की प्रारंभिक परीक्षा के लिए हरिद्वार में 19 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। सचिव ने बताया कि प्रारंभिक परीक्षा के लिए कुल 25239 अभ्यर्थी पंजीकृत थे।

## वार्षिकोत्सव औरा में रही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

रुडक़ी। फोनिक्स ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूशन में वार्षिकोत्सव औरा 2023 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, विधायक प्रदीप बत्रा, मेयर गौरव गोयल, संस्थान चेयरमैन कमल कुमार जैन, मैनिजिंग डॉयरेक्टर ई. चेरब जैन, डॉयरेक्टर जनरल संजय जैन, संरक्षक साधुराम जैन ने दीप जलाकर किया। मैनिजिंग डॉयरेक्टर चेरब जैन ने अतिथियों को शाल ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिन्ह मां सरस्वती की मूर्ति देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मौजूद भाजपा जिला उपाध्यक्ष ऋषिकेश प्रदीप कालिया, जिलाध्यक्ष शोभाराम प्रजापति, शेर सिंह राणा का स्वागत डॉयरेक्टर चेरब जैन ने पर्यावरण रक्षा के लिए प्रतीक चिन्ह के रूप में तुलसी के पौधे भेंट देकर किया। मौके पर मुख्य अतिथि सुबोध उनियाल ने छात्रों को सरकार के तकनीकी मंत्री होते हुए उनकी प्राथमिकता नवीनतम तकनीकी शिक्षा छात्रों तक पहुंचने की कही। विधायक प्रदीप बत्रा ने युवाओं की तुलना रामभक्त हनुमान से करते हुए छात्रों को देश की तरक्की के लिए देश सेवा के लिए समर्पित होने का आग्रह किया। उन्होंने छात्रों को पढ़ाई के साथ मनोरंजन पर भी बल देने के लिए कहा।

# संक्षिप्त खबरें

## नेपाली युवक का शव मिला, हत्या की आशंका

चमोली। थराली के निकट बैनोली गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में नेपाली मूल के एक युवक का शव मिला है। युवक की हत्या की आशंका जताई गई है। बताया जा रहा है कि उसका साथी जो कि नेपाली मूल का ही है, फरार चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थराली के निकट बैनोली गांव में नेपाली मूल के दो युवक एक साथ काम करते थे। दोनों एक ही साथ गांव में किसी गोशाला में रहते थे। थाना प्रभारी थराली देवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि सोमबार दोपहर गोशाला के पास गांव की महिलाओं ने जाते हुए वहां खून गिरा देखा, जिसकी सूचना ग्रमीणों को दी। फोन पर ही थराली थाना में तैनात चेतक पुलिस को इसकी सूचना मिली। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना स्थल राजस्व क्षेत्र में होने से घटना की सूचना उनके द्वारा उपजिलाधिकारी और संबंधित राजस्व निरीक्षक को दी गई। सूचना पर राजस्व निरीक्षक विनोद कुमार मय टीम घटना स्थल पहुंचे जहां से शव को कब्जे में लिया है। अभी मृतक के नाम की शिनाख्त नहीं हो पाई है। जबकि फरार चल रहे नेपाली युवक का नाम भरत बताया जा रहा है। इस मामले में जांच की जा रही है।

## मोटर मार्ग पर पैराफिट निर्माण करने की मांग

रुद्रप्रयाग। विकासखंड जखोली मुख्यालय को जोडऩे वाला महत्वपूर्ण ममणी जखोली चौंरा मोटर पर ममणी से चौंरा के बीच सडक़ पर पैराफिट निर्माण नहीं होने से अक्सर दुर्घटनाओं का भय बना रहता है। जनप्रतिनिधियों व क्षेत्रीय जनता ने मोटर मार्ग पर पैराफिट निर्माण की मांग की है। क्षेत्रीय लोगों में आजाद सिंह नेगी, विक्रम गहरवार, प्रधान ऋतुराज आदि ने कहा है कि इस मोटर मार्ग पर ममणी से चौंरा के बीच सडक़ किनारे कहीं पर भी पैराफिट का निर्माण नहीं होने से आम राहगीरों को दुर्घटनाओं से दो चार होना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया जा रहा है। कि सडक़ निर्माण के दो साल बाद भी सडक़ पर निकास नालियों व पैराफिट का निर्माण नहीं होने से अक्सर वाहन चालकों के लिए खतरा बना हुआ है। उन्होंने शासन प्रशासन व विभागीय अधिकारियों से सडक़ पर निकास नालियां व पैराफिट निर्माण की मांग की है।

## केदारनाथ में इकट्ठा किया 2 कुंतल प्लास्टिक

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ धाम प्रशासन के निर्देशों पर लगातार सफाई व्यवस्था विशेष ध्यान दिया जा रहा है। खराब मौसम में भी स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है ताकि धाम में गंदगी जमा न हो। रविवार को सुलभ इंटरनेशनल के अधिकारियों ने विशेष सफाई अभियान चलाकर 2 कुंतल प्लास्टिक इक_ा किया। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशों पर केदारनाथ में निरंतर सफाई अभियान चलाकर यहां जमा प्लास्टि एवं कूडे को इक_ा किया जा रहा है। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के उचित निस्तारण के लिए सहायक निदेशक शहरी विकास विनोद कुमार ने बताया कि केदारनाथ धाम में भारी बर्फबारी होने के बावजूद रविवार को नगर पंचायत केदारनाथ, सुलभ संस्था एवं व्यापार संस्था के सहयोग से विशेष सफाई अभियान चलाया गया जिसमें शंकराचार्य समाधि से अलकनंदा नदी, भैरवनाथ पुल तक सफाई की गई। इसमें विभिन्न प्रकार के 2 कुंतल प्लास्टिक इकठ्ठा किया गया। सफाई अभियान में कुल 30 लोग शामिल थे। इस मौके पर व्यापार संस्था के अध्यक्ष चंडी प्रसाद तिवारी, नगर पंचायत से मुकेश एवं सुलभ संस्था से आदित्य अपनी टीम के साथ मौजूद थे।

## केदारनाथ में 77565 तो बदरीनाथ में 38840 यात्रियों ने किए दर्शन

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ और बदरीनाथ धाम की यात्रा को लेकर तीर्थयात्रियों में खासा उत्साह है। खराब मौसम के बाद भी यात्री लगातार दर्शनों के लिए पहुंच रहे हैं। विशेषकर केदारनाथ के प्रति यात्री मौसम की परेशानियों के बाद भी धाम पहुंच रहे हैं। अब तक दोनों धामों में कुल 116405 यात्रियों ने दर्शन किए हैं। 25 अप्रैल से बाबा केदारनाथ के कपाट खुलने के बाद बड़ी संख्या में यात्री धाम पहुंच रहे हैं। अब तक केदारनाथ में 77565 तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए हैं जबकि बदरीनाथ में 38840 यात्री दर्शन कर चुके हैं। बदरीनाथ के कपाट 27 अप्रैल को भक्तों के दर्शन के लिए खुले थे। यहां यात्री उत्साह के साथ दर्शनों को आ रहे हैं। बदरी-केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने बताया कि दोनों धामों की यात्रा को लेकर यात्रियों में अच्छा उत्साह बना है। यात्री लगातार धामों में दर्शन के लिए आ रहे हैं। केदारनाथ में मौसम खराब होने के बाद भी यात्री अच्छी संख्या में दर्शनों को पहुंच रहे है। बीकेटीसी का पूरा प्रयास है कि तीर्थयात्रियों की हर समस्या के समाधान के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्हें अच्छे दर्शन के साथ ही अच्छी सुविधाएं मिले इसके लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

## टिहरी में विभिन्न स्थानों पर लोगों ने मन की बात सुनी

नई टिहरी। टिहरी जिले के विभिन्न जगहों पर लोगों टीवी और रेडियों के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात का 100वां एपिसोड सुना। वहीं भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी दफ्तर और बूथों पर प्रधानमंत्री की मन की बात को सुनी। घनसाली के हिंदाव पट्टी के हडियाना मल्ला बूथ विधायक शक्तिलाल के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधान मंत्री की मन की बात सुनी। उधर चंबा, नरेन्द्रनगर, गजा, थत्यूड़, लंबगांव, नैनबाग, नकोट, पोखरी सहित कई कस्बों में भाजपा के जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ताओं के साथ लोगों ने प्रधानमंत्री की मन की बात सुनी। विद्यालय में रविवार की छुट्टी होने पर भी शिक्षकों और छात्रों ने विद्यालायों में मन की बात कार्यक्रम को सुना। प्रधानमंत्री ने कहा कार्य ही पूजा है, सामुहिक रुप से किये प्रयासों से बड़े बदलाव आते है। मन की बात कार्यक्रम को सुनने के लिये लोगों में उत्सुकता भी दिखी। मौके पर नपं अध्यक्ष मीना खाती, रतन सिंह रावत, चरत सिंह, राजेंद्र खाती, गजेंन्द्र सिंह, अबरार अहमद, बचन सिंह, गजे सिंह, लखन पाल, महेश सिंह, पुष्पा खडवाल, कांता सजवाण, सरोजनी असवाल, रीना चौहान, अनिता पयाल, जयबीर सिंह सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

## पंचायतों को बनाया जाया अधिकार संपन्न

नई टिहरी। जनपद के सत्यों में आयोजित अमर शहीद नागेंद्र दत्त सकलानी की स्मृति में आयोजित मेले में पहुंची निदेशक पंचायती राज भारत सरकार डा मालती रावत ने पंचायती राज मंत्रालय के स्टॉल पर प्रताप नगर विधायक विक्रम सिंह नेगी का अभिनंदन किया। मालती रावत ने मौके पर पंचायती राज विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पंचायतों को मजबूत बनाने की ओर काम किया जा रहा है। विधायक नेगी ने क,ि ने पंचायतों को मजबूती दी, वह पंचायतीराज व्यवस्था के पक्षधर थे। जिससे घर गांव क्षेत्र का विकास हो सके। उन्होंने कहा कि पंचायती राज के तहत पर्वतीय क्षेत्रों में घर गांव से योजनाओं का खाका तैयार कर रोजगार एवम स्वरोजगार के अवसर पैदा करने चाहिए। जिससे महिलाओं को सशक्त कर घर गांव का विकास हो सके। पंचायतों की मजबूती को पंचायत स्तर पर योजनाएं लाई जानी चाहिए। ग्राम पंचायत को अधिकार सम्पन्न बनाकर घर गांव का विकास किया जा सकता है। जिससे गांव आर्थिक सम्पन्न होंगे। इस अवसर पर जिला पंचायती राज अधिकारी एमएम खान भी मौजूद रहे।